बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजचन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 71 दिनांक 18/12/2012

सेवा में,

माननीय उप मुख्यमंत्री,
बिहार, पटना।

विषयः– **छठे केन्द्रीय वेतन समिति की अनुशंसा के आलोक में राज्य वेतन समिति एवं त्रिसदस्यीय समिति के प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मियों को स्वीकृत किए गए पुनरीक्षित वेतन संबंधी वित्त विभाग के संकल्प संख्य–630 दिनांक– 21.01.2010 के साथ वित्त विभाग द्वारा छेड़छाड़ कर Schedule-II के बदलने तथा अनुचित संशोधन के प्रयास को रोकने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार की इच्छा एवं निर्णय के आलोक में वित्त विभाग द्वारा पुनरीक्षित वेतन संबंधी संकल्प संख्या–630 दिनांक–21.01.2010 निर्गत किया गया। इस संकल्प द्वारा 01.01.2006 से नये पुनरीक्षित वेतनमान में वेतन निर्धारण की विस्तृत प्रक्रिया निरूपित की गई है। यह संकल्प मंत्रिपरिषद् के अनुमोदनोपरांत निर्गत हुआ था, परन्तु इस संकल्प में वित्त विभाग द्वारा गैर कानूनी ढंग से तथा कार्यपालिका नियमावली के प्रावधानों का खुल्लम–खुल्ला उल्लंघन करते हुए बिना मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के ही अनेकों संशोधन (उदाहरण स्वरूप पत्रांक–7101 दिनांक–01.08.2011, पत्रांक–12097 दिनांक–17.10.12, पत्रांक–15777 दिनांक–07.11.12 एवं पत्रांक–15892 दिनांक–12.11.12) जारी कर दिए जो कि मूल संकल्प के प्रावधानों के भी विपरीत है। इस संदर्भ में संघ के द्वारा अपने पत्रांक–47 दिनांक–06.09.2012, पत्रांक–48 दिनांक–06.09.12 एवं पत्रांक–66 दिनांक–23.11.12 के माध्यम से पूर्व में भी भवदीय को सूचना दी जाती रही है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार की इच्छा एवं निर्णय के अनुरूप छः राज्य सेवाओं को प्रीमियर सेवा घोषित करते हुए पूराने वेतनमान में 8000–13500 का प्रवेश वेतनमान वित्त विभाग के पत्रांक–363 वि०(2) दिनांक–17.01.2009 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा स्वीकृत किया गया जिसमें बिहार प्रशासनिक सेवा को भी 8000–13500 का प्रवेश वेतनमान स्वीकृत है। वेतन समिति की अनुशंसा के आलोक में पुनरीक्षित वेतन में बिहार प्रशासनिक सेवा को पी०बी०–2+ग्रेड पे–5400 (चार वर्ष के उपरान्त पी०बी०–3+ग्रेड पे–5400) का प्रवेश वेतनमान सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया, जिसके तहत 8000 का प्रतिस्थानी बैंड पे 14880 निर्धारित हुआ है।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक :.............................. दिनांक ....

पुनः ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि वित्त विभाग संकल्प संख्या–630 दिनांक–21.01.2012 को गलत तर्कों के आधार पर संशोधित करना चाह रही है जिसके तहत प्रीमियर सेवा को पूराने वेतनमान में स्वीकृत 8000–13500 प्रवेश वेतनमान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है एवं Schedule-II को संशोधित की जा रही है। संघ इस पर अपनी घोर आपत्ति व्यक्त करता है तथा अनुरोध करता है कि इस तहत के अनुचित और कार्यपालिक नियमावली के प्रावधानों के विरूद्ध किए जा रहे कार्यों पर तत्काल रोक लगाया जाय एवं संकल्प संख्या–630 दिनांक–21.01.2010 में किसी प्रकार के संशोधन से पूर्व संघ को विश्वास में लिया जाय। साथ ही सरकार के अनुमोदन के बगैर निर्गत किए गए उक्त संकल्प के सभी संशोधन के कार्यान्वयन पर रोक लगाया जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(सुशील कुमार)

महासचिव